तापमान

अधिकतम 15.2 डिग्री
न्यूनतम 5.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024

11 कुमारी सैलजा की जनसंदेश यात्रा का दिया निमंत्रण



12 सरकार में नशा तस्करों का बोलबाला : देवेंद्र गौतम



## खबर संक्षेप

### सरसंघचालक मोहन भागवत 14 को गोहाना में

**सोनीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत 14 जनवरी की सांयकाल 05:00 बजे गोहाना आयेंगे, जहां वे वाल्मीकि मंदिर में आयोजित पूजन समारोह में शामिल होंगे। इसके उपरांत सरसंघचालक आगामी दिवस 15 जनवरी को रात्रि 8 बजे जीटी रोड गन्नौर स्थित ऋषि चैतन्य आश्रम का दौरा करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने दी।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 16 को

**सोनीपत।** जिला के आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 16को प्रातः 11 बजे परिवहन मंत्री एवं अध्यक्ष जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 14 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे।

### 18 को प्रदर्शन करेंगे पेट्रोल पंप डीलर

**सोनीपत।** पिछले 7 सालों से अधिक समय से पेट्रोल पंप डीलरों का कमीशन में बढ़ोतरी नहीं होने के खिलाफ 18 जनवरी को पूरे राज्य के पेट्रोल पंप डीलरों द्वारा ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के राज्य स्तरीय समन्वयक के समक्ष रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस संदर्भ में सोनीपत पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान परविंदर खत्री ने बताया किपिछले सात सालों से अधिक समय से डीलर कमीशन में बढ़ोतरी नहीं हुई, जिसकी वजह से राज्य के सभी पेट्रोल पंपों के डीलरों की माली हालत बेहद नाजुक हो चुकी है। अधिकतर पेट्रोल पंप घाटे में चल रहे हैं। इसी विषय को लेकर 18 जनवरी को पूरे प्रदेश के पेट्रोल पंप डीलरों द्वारा ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के राज्य स्तरीय समन्वयक के कार्यालय के समक्ष रोष प्रदर्शन किया जाएगा।

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप निवासी मुंडलाना सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 16 नवंबर को पुलस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बहन का किसी ने अपहरण कर लिया है। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपितों फौजी व सेरसा के घर एनआईए की दबिश

## अंकित के पिता को थाने ले गई टीम, पूछताछ के बाद छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ प्रियव्रत फौजी का घर खंगाला, मां से की पूछताछ

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव सेरसा में अल सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पहुंची। जहां टीम ने घर पर उसके परिजनों से पूछताछ की। उसके बाद अंकित के पिता को पूछताछ के लिए कुंडली थाने में लेकर पहुंची। टीम ने पूछताछ के बाद अंकित के पिता को छोड़ दिया। वहीं दूसरी टीम ने कुख्यात बदमाश प्रियव्रत फौजी के आवास पर दबिश दी। टीम ने दोनों के घरों को खंगालने के साथ ही प्रियव्रत फौजी की मां से पूछताछ की। उसके बाद टीम वापस लौट गई। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपित और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर प्रियव्रत फौजी और अंकित सेरसा के घर पर भी एनआईए की टीम ने दबिश दी। पंजाब में 29 मई, 2022 को हुई गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में दोनों को गिरफ्तार किया गया था। ऐसे में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की संगठित टेरर-क्राइम सिंडिकेट को तोड़ने के लिए एनआईए छापे डाल रही है। बृहस्पतिवार सुबह दिल्ली हेडक्वार्टर से एनआईए की एक टीम डीएसपी सौरव भारद्वाज की अगुवाई में पहुंची थी। काफी संख्या में पहुंचे टीम के सदस्यों के साथ महिला कर्मी भी थी। टीम ने प्रियव्रत फौजी के घर की तलाशी लेने के साथ ही प्रियव्रत फौजी की मां से भी पूछताछ की। इसके बाद जानकारी जुटाकर एनआईए की टीम वापस लौट गई। प्रियव्रत फौजी जेल में बंद है। पिछले साल प्रियव्रत के भाई की भी पुलिस मुठभेड़ में मौत हो चुकी है। टीम ने अंकित सेरसा के पिता से पूछताछ की। अंकित के पिता को कुंडली थाना में ले जाकर भी जानकारी जुटाई गई। सेरसा में इंस्पेक्टर आशीष की अगुवाई में पहुंची टीम ने पूछताछ करने के बाद अंकित के पिता को छोड़ दिया।



सोनीपत। थाने के बाहर तैनात पुलिस के जवान।





सोनीपत। सेरसा गांव का गेट।

## सात साल में फौजी से कुख्यात हुआ प्रियव्रत

**सोनीपत।** गांव गढ़ी सिसाना का पहलवान प्रियव्रत देश सेवा के लिए फौज में भर्ती हुआ था। अनुशासित फौजी ने अचानक जुर्म की दुनिया में ऐसा कदम रखा कि उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस को 25 हजार रुपये का इनाम रखना पड़ा। कुख्यात रामकरण बैंयापुर की दोस्ती ने उसको महज सात साल में अपराध की दुनिया में ऐसी जगह लाकर खड़ा कर दिया कि हरियाणा के साथ ही पंजाब, दिल्ली व राजस्थान पुलिस भी उसके पीछे पड़ गई थी। प्रियव्रत को वर्ष 2013 में महाराष्ट्र के पूना स्थित सेना विद्यालय में नियुक्ति मिली थी। सेना की कुश्ती प्रतियोगिता में वर्ष 2015 में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही उसको सेना में सूबेदार के पद पर पदोन्नत कर दिया गया था। तब उसे सेना से एक माह की छुट्टी मिली थी। जुलाई, 2015 में उसने अपने साथियों मंजीत व मोनू डागर के साथ मिलकर रुखी गांव में हत्या कर दी थी। उसकी दोस्ती कुख्यात रामकरण बैंयापुर से हो गई। उसके बाद प्रियव्रत ने अपराध जगत की ऐसी राह पकड़ी कि वापस मुडकर नहीं देखा। उसका संपर्क लॉरेंस बिश्नोई गैंग के राजू बसौदी और काला जठेड़ी से भी हो गया। वह हत्या समेत 12 आपराधिक मुकदमों में नामजद रहा है। उसे दिल्ली पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। 7 जुलाई, 2023 को पानीपत के समालखा में सीआईए-2 की टीम से एनकाउंटर में प्रियव्रत के भाई राकेश उर्फ राका की मौत हो गई थी।

### सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद वीडियो वायरल होने से सुर्खियों में आया था अंकित सेरसा

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद वीडियो वायरल कर अंकित सेरसा सुर्खियों में आया था। उसके बाद पंजाब के तरनतारन की गोइंदवाल जेल में कुख्यात जग्गू भगवानपुरिया के दो गुर्गों की हत्या में उसे नामजद किया था। उसके बाद उसका एक और वीडियो वायरल हो गया था। गांव सेरसा का अंकित उर्फ छोटू सिद्धू मूसेवाला की हत्या में नामजद हुआ तो वह 18 साल का था। बताया गया था कि उसने ही मूसेवाला के करीब जाकर गोली मारी थी। बाद में 19 साल की उम्र में उस पर जेल में कुख्यात मनदीप तूफान और मनमोहन मोहना की हत्या का आरोप लगा था। अंकित सबसे पहले लॉरेंस गैंग के गुर्गे मोनू डागर के संपर्क में आया। इसके बाद मोनू डागर ने अंकित की मुलाकात अनमोल नामक व्यक्ति से करवाई थी। अंकित के खिलाफ सिद्धू मूसेवाला मर्डर से पहले राजस्थान में भी हत्या की कोशिश के दो मुकदमे दर्ज है।

# 121 पायदान लुढ़का सोनीपत, स्वच्छता रैंकिंग में पाया 260वां स्थान, सात सालों में सबसे बदतर

## शौचालयों की बदहाल स्थिति ने पहले छीन लिया था ओडीएफ प्लस का तमगा

## अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों की मनमर्जी पड़ रही है सोनीपत पर भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम में अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों की मनमर्जी के चलते सोनीपत नगर निगम स्वच्छता रैंकिंग में 121 पायदान लुढ़क गया है। आठ माह से सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के शौचालयों की सफाई नहीं हो पा रही। अधिकारियों की अनदेखी के चलते 150 से अधिक शौचालय बदहाल हैं। टेंडर ना होने के कारण अधिकतर जगहों पर गंदगी फैली हुई है, वहीं बाकि जगहों पर ताले लटके हुए हैं। इसी का परिणाम रहा कि पिछली बार स्वच्छता रैंकिंग में 139वां स्थान प्राप्त करने वाला सोनीपत वीरवार को जारी रैंकिंग में 260वां स्थान प्राप्त कर पाया है। अगर पिछले सात सालों की बात करें तो यह अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। प्रदेश स्तर पर भी सोनीपत का स्तर गिरा है। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र पिछली बार प्रदेश में 10वें रैंक पर था, लेकिन इस बार 12वें स्थान पर खिसक गया। हाल ही में शहरी विकास मंत्रालय की ओर से सर्वे के बाद 5 जनवरी को सोनीपत शहर को 1 स्टार रेटिंग दी गई थी। कूड़ा मुक्त शहरों की सूची में 1 स्टार मिलने के बाद अलावा उसी दौरान सोनीपत से ओडीएफ प्लस का दर्जा भी छीन लिया गया था। सोनीपत को ओडीएफ की श्रेणी में ही रखा गया था। अब स्चछता रैंकिंग में भी सोनीपत की स्थिति बेहद खराब हो गई है।

दूसरी ओर सोनीपत जिले के ही अहम हिस्से गोहाना को प्रदेश की रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। नगर परिषद क्षेत्र गोहाना को रोहतक के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रखा गया है, वहीं देशभर में 1071 वां रैंक मिला है। नॉर्थ जोन में गोहाना को 24वां स्थान मिला है, जबकि पिछली बार गोहाना 8वें स्थान पर था। ऐसे में स्पष्ट है कि गोहाना परिषद ने अच्छा कार्य किया है, जिसकी वजह से रैंकिंग में उछाल आया है।



गोहाना। पुरस्कार ग्रहण करतीं चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

### करोड़ों खर्च, फिर भी प्रदर्शन लचर

बता दें कि नगर निगम सोनीपत की ओर से डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने व सड़कों से कूड़ा उठान करने पर जेबीएम कंपनी को 1.80 करोड़ रुपये हर माह दिए जाते हैं। इसके अलावा ठेका सफाई कर्मचारियों को 70 लाख रुपये दिए जा रहे। उसके बावजूद घर-घर कूड़ा एकत्रित करने में 32 फीसदी, आवासीय क्षेत्र में सफाई पर 16 फीसदी, मार्केट क्षेत्र में सफाई पर 15 फीसदी, जल निकायों की स्वच्छता पर 50 फीसदी, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई पर 33 फीसदी अंक ही हासिल हो सके। सोनीपत निगम क्षेत्र में सिर्फ सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग करने के मामले में 100 फीसदी अंक हासिल कर पाया है।

## गोहाना नगर परिषद को राज्य में मिला पहला स्थान, देश भर में 1071वां रैंक

### सात सालों में नगर निगम की स्थिति

| वर्ष | रैंकिंग |
|---|---|
| 2017 | 243 |
| 2018 | 156 |
| 2019 | 161 |
| 2020 | 103 |
| 2021 | 235 |
| 2022 | 139 |
| 2013 | 260 |





### सफाई व्यवस्था पर सवाल

नगर निगम सोनीपत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर पहले भी सवाल उठाए जा चुके हैं। निगम की हाउस की बैठक में मेयर निखिल मदान व पार्षदों ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। इससे पहले हुई बैठकों में भी ठेका कंपनी को लचर सफाई व्यवस्था का जिम्मेदार ठहराया गया था। कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की बातें भी कही गई थी, लेकिन अभी तक किसी भी सफाई कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## शहर में 150 सार्वजनिक व डीलक्स शौचालय

शहर में कुल 150 सार्वजनिक व डीलक्स शौचालय हैं, जिनकी देखरेख का जिम्मा सोनीपत नगर निगम के पास है। वहीं निगम के पास 8 ई-टॉयलेट भी हैं। सार्वजनिक शौचालयों में कहीं गेट बंद रहते हैं तो कहीं पानी नहीं आ रहा। शहर में बनाए गए ई-टॉयलेट यानी सिक्का डालकर शौच वाली व्यवस्था भी ठप पड़ी है। खुले में शौच मुक्त अभियान के अंतर्गत शहर में निगम प्रशासन के प्रयासों का असर धरातल पर कम दिख रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार करोड़ों खर्च कर रही है। उसके बावजूद शहर को स्वच्छ बनाने और सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति बेहतर रखने में कोई प्रयास नहीं हो रहे।

### निकाय मंत्री से शिकायत करेंगे

ठेकेदारों की लापरवाही व अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्वच्छता रैंकिंग में गिरावट आई है। ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कराने के लिए आयुक्त को कई बार लिखकर दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से शिकायत की जाएगी। **- निखिल मदान**, मेयर, सोनीपत

### सुधार लाने का प्रयास करेंगे

स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में बेहतर प्रयास करने की कोशिश की गई। रैंकिंग में काफी गिरावट आई है। पहले के कामों को देखते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा।
**-अंकिता वर्मा**, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

### गन्नौर 25 तो खरखौदा 59वें स्थान पर

सोनीपत के अन्य निकायों को भी रैंकिंग दी गई है। इसमें गन्नौर शहर को राज्य में 25वां स्थान मिला है। गन्नौर को देशभर में 2116 रैंक मिला व नॉर्थ जोन में 149 वां स्थान हासिल किया। इसके अलावा खरखौदा शहर ने राज्य में 59वां स्थान हासिल किया। देशभर में 3554 रैंक लेते हुए नॉर्थ जोन में 196 वां स्थान हासिल किया। इसी तरह कुंडली नगरपालिका को राज्य में 65वां व देशभर में 3720वां रैंक मिला है। कुंडली को नॉर्थ जोन में 270 वां स्थान मिला है।

## प्रगति मैदान के भारत मंडप में हुआ सम्मान समारोह

गोहाना। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत गोहाना को स्वच्छ सिटी अवार्ड से सुशोभित किया गया है। नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में स्थापित भारत मंडप में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण सम्मान समारोह में नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी और निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समारोह में शामिल होते हुए पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बधाई दी। भारत सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण करवाया, जिसमें एक लाख की जनसंख्या वाले गोहाना को स्वच्छ सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के तत्वावधान में आज प्रगति मैदान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सोनीपत जिले के गोहाना शहर को भी पुरस्कृत किया गया जो जिलावासियों के लिए गर्व की बात है। नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि स्वच्छता एक पंथ दो काज वाली स्थिति है।

# नीलगाय को गोली मारी, हालत गंभीर

**सोनीपत।** गांव गढ़ी बिंधरौली में एक नीलगाय संदिग्ध हालात में घायल हो गई। मौके पर हेल्पिंग हैन्डस फॉर ह्यूमैनिटी सोसायटी की टीम पहुंचीं और नीलगाय को लेकर इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित उपचार केंद्र पहुंचीं। जहां पर नीलगाय का इलाज जारी है। सोसायटी के अनुसार नीलगाय को गोली मारी गई थी। इस मामले में सोसायटी की ओर से पुलिस को सूचित कर दिया गया है। सोसायटी प्रधान के अनुसार पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हेल्पिंग हैन्डस फॉर ह्यूमैनिटी सोसायटी के प्रधान एडवोकेट जयंत कुमार भौरिया ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव गढ़ी बिंधरौली में एक नीलगाय बुरी तरह से जख्मी है। सूचना देने वाले ने यह भी बताया था कि गाय को गोली मार गई है। इस पर वे टीम के साथ मौके पर पहुंचें तो नीलगाय गंभीर रूप से जख्मी हालत में पड़ी मिली थी।

■ हेल्पिंग हैन्डस फॉर ह्यूमैनिटी सोसायटी ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया

### पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

इसके बाद 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जयंत कुमार के अनुसार पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं जख्मी नीलगाय को वे अपनी साथ इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित उपचार केंद्र पर लाए, जहां पर नीलगाय का उपचार किया जा रहा है। इस दौरान टीम के सदस्य रिंकू, रोहित, विकास, नवीन, सचिन, अमित आदि मौजूद रहे।

# नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर की एक खिड़की बंद होने से मरीज हो रहे परेशान

## घंटों लाइन में लगने के बाद हो पा रहा रजिस्ट्रेशन, आपातकालीन कक्ष की छत टपक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ सीबीसी और हब के साथ अब हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी की सामग्री भी खत्म

नागरिक अस्पताल सोनीपत में उपचार के लिए आने वालें मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड में मरीजों को रजिस्ट्रेशन काउंटर लाइनों में घंटों खड़े होने के बाद रजिस्ट्रेशन करवाने में सफल हो रहे है। वहीं नागरिक अस्पताल में विभाग की तरफ से समय पर बजट न जारी होने के चलते लैब में जरूरी सामान खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। ज्यादातार सामग्री खत्म हो चुकी है। अस्पताल के लैब में हाल के दिनों में सीबीसी, और बी की सामग्री के साथ अब हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी की सामग्री भी खत्म हो चुकी है। नागरिक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर सामग्री की डिमांड भेजी जा रही है,लेकिन बजट जारी न होने के चलते परेशानी बढ़ती जा रही है। जिसके चलते मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि पूरा उत्तर भारत ठंड की चपेट में आ चुका है। ठंड बढ़ने के चलते अस्पतालों मे मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। नागरिक अस्पताल में रोज करीब 1500 मरीजों की ओपीडी संख्या है। रजिस्ट्रेशन कांउटर पर लंबी लाइनें देखने को मिल रहा है। प्रबंधन की तरफ से मरीजों को सुविधा देने के लिए तीन कांउटरों पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की थी। गत तीन दिनों से एक नंबर काउंटर बंद पड़ा है। वहीं हर रोज 250 मरीजों के अलग-अलग तरहों के टेस्ट चिकित्सक द्वारा लिखे जाते है। लेकिन गत 15 दिनों से अस्पताल के लैब में जरूरी टेस्ट करने की सामग्री खत्म होती जा रही है। प्रबंधन की तरफ से डिमांड भेजने के बाद भी सामग्री की खरीद पूरी नहीं हो पा रही है। लैब में सीबीसी और बी की सामग्री काफी दिनों से खत्म है। इसके साथ अब हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी की भी सामग्री खत्म हो गई है। जिसके कारण मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अब हेपेटाइटिस संक्रमण मरीजों की जांच भी बंद हो गई है। वहीं अस्पताल के आपातकालीन विभाग की छत टपक रही है।





सोनीपत। बंद पड़ी खिड़की व लाइन में लगे मरीज।

### जल्द कर्मचारी तैनात करेंगे

रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जल्द से जल्द कर्मचारी को बैठा दिया जायेगा। ताकि मरीजों को ज्यादा देर तक लाइनों में न खड़ा होना पड़े। वहीं बजट जारी न होने के चलते परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। हालांकि अपने स्तर पर लोकल परचेज करके जरूरी सामग्री की खरीद की जा रही है। आगामी दिनों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी। प्रबंधन की तरफ से मरीजों को हर संभव सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे है।
**-डा. लोकवीर**, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

## विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड विद्यालय, थाना खुर्द खरखौदा में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालयों में शरदकालीन अवकाश है। इसके बावजूद विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा को महत्व देते हुए विश्व हिंदी दिवस पर निबंध, पत्र लेखन, सुभाषण एवं हिंदी से जुड़ी हुई अन्य जानकारियां श्रव्य एवं श्रव्य-दृश्य माध्यम से हिंदी अध्यापकों के पास भेजी।

### शुभकामनाएं दी

यह सुनने व देखने के बाद विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया, निदेशक पूजा दहिया, प्रधानाचार्य संजीत नैन ने देशवासियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 2006 से सभी भारतीय इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने लगे हैं।

चेयरमैन उत्सव दहिया ने विस्तार में न जाते हुए कहा है कि हिंदी हमारी शान है। हिंदुस्तानियों का मान है। इस भाषा को बचाए रखना हमारा काम है। जय हिंद, जय हिंदी भाषा।



सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चों, मकर संक्रांति के अवसर पर अपने भारत देश के विभिन्न हिस्सों में रंग-बिरंगी, विभिन्न आकार और प्रकार की पतंगें उड़ाने की परंपरा है। अपने देश की तरह दुनिया के कई देशों में भी पतंगबाजी के उत्सव मनाए जाते हैं। जानो, कुछ अनोखे काइट फेस्टिवल्स के बारे में।

# अजब-गजब काइट फेस्टिवल्स

## केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल साउथ अफ्रीका

**साउथ अफ्रीका** देश की राजधानी केपटाउन के मैकबोस्टरेंड बीच पर हर साल 20,000 से ज्यादा लोग की भीड़ पतंग उड़ाने के लिए इकट्ठा होती है। काइट फेस्टिवल में तरह-तरह की डिजाइन और आकार की पतंगों को आसमान में उड़ते देखना अनोखा अनुभव होता है। बच्चों, केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल अफ्रीका महाद्वीप का सबसे बड़ा पतंगोत्सव है। केप टाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल हर साल अक्टूबर महीने में आयोजित होता है। *



## अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इटली

**यूरोप महाद्वीप** के देश इटली में समुद्र तटीय रिजॉर्ट शहर सर्विया के पिनारेला बीच पर हर साल अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। यह काइट फेस्टिवल, दुनिया के सबसे अनूठे काइट फेस्टिवल्स में से एक है। यहां दुनिया भर की कलात्मक पतंगों को एक साथ देख सकते हैं। पिनारेला बीच पर समुद्र के किनारे तरह-तरह के कार्टून कैरेक्टर्स, जानवरों, पक्षियों और अन्य आकारों की पतंगें उड़ता देखना काफी मजेदार लगता है। सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल 20 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 1 मई 2024 को समाप्त होगा। *



## पोर्ट्समाउथ इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इंग्लैंड

**इंग्लैंड के** तटीय शहर पोर्ट्समाउथ में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पट जाता है। यहां पतंग उड़ाने के साथ-साथ पतंग बनाने की कला भी सिखाई जाती है। तुम यहां उड़ने वालीं पतंगों के विभिन्न प्रकार, आकार और डिजाइन देखकर चौंक जाओगे। यहां 3डी पतंगें, म्यूजिक बजाने वाली पतंगें, ट्रिक दिखाने वाली पतंगें और इंजीनियरिंग के बेहतरीन नमूने वाली पतंगें, यहां आने वाले पर्यटकों का दिल जीत लेती हैं। इंग्लैंड का यह अनोखा पतंग उत्सव हर साल अगस्त महीने में मनाया जाता है। *

## वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल चीन

**पड़ोसी देश** चीन के वेईफांग नामक जगह को 'दुनिया की पतंग राजधानी' कहा जाता है। चीन के शेडोंग प्रांत के वेईफांग में हर साल वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। फेस्टिवल में ड्रैगन के विशाल आकार सहित अन्य कई जानवरों के डिजाइनों वालीं पतंगें उड़ाई जाती हैं, लेकिन यहां ड्रैगन डिजाइन की पतंगें ही सबसे ज्यादा उड़ाई जाती हैं। वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इस साल 20 अप्रैल से आरंभ होगा। *



## जायंट काइट फेस्टिवल ग्वाटेमाला

**उत्तरी अमेरिका** महाद्वीप के ग्वाटेमाला देश में सुंपांगो और सैंटियागो साकाटेपीक्वीज नामक जगहों में प्राचीन काल से पतंग उड़ाने की परंपरा रही है। यहां ऑल सेंट्स डे (प्रतिवर्ष 1 नवंबर) के दिन जायंट काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस दौरान विशालकाय गोलाकार पतंगें उड़ाई जाती हैं। स्थानीय निवासी इन गोलाकार पतंगों को बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए उड़ाते हैं। जिस दिन यहां पतंगें उड़ाई जाती हैं, उसे डाया डी लोस म्यूरटोस कहते हैं। *



छोटी कहानी / संदीप पांडे शिष्य

# त्योहार की खुशी

'नववर्ष आकर चला गया। अब तो मकर संक्रांति आने वाली है।' राघव अपनी दोस्त सिया से बोला।

'नववर्ष का दिन तो रात में नाच-गाकर उत्सव मनाने का दिन है। लेकिन मकर संक्रांति तो दिन भर त्योहार का आनंद देता है। दादी जी कह रही थीं कि हमारे सारे त्योहार मौसम चक्र के अनुसार बने हैं। उसमें बनने वाले मिष्ठान और खाद्य-पदार्थ भी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।' सिया खुश होकर राघव से बोली।

'सिया, मुझे तो दिनभर पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है। आसमान में रंग-बिरंगी सैकड़ों पतंगों के बीच अपनी पतंग की कलाबाजियां दिखाने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। साथ ही तिल के लड्डू, गजक और दाल की पकौड़ी खाते जाओ और पतंग उड़ाते जाओ। पिछले साल मैंने अपनी एक पतंग से आसमान



में उड़ती पूरी सात पतंगें काटी थीं। इस बार देखना कम से कम दस पतंगें काटूंगा।' राघव चहक कर बोला।

'अच्छी बात है, लेकिन तुम्हें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि चाइनीज मांझे से परिंदों को कष्ट ना हो। पक्षी मांझे में उलझकर घायल हो जाते हैं। दुपहिया वाहन सवारों को भी तकलीफ उठानी पड़ती है। पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग बिल्कुल बंद कर देना चाहिए, इससे किसी के भी जीवन को खतरा हो सकता है।' सिया ने किसी बुजुर्ग की तरह आदेश दिया। राघव कुछ देर चुप्पी के बाद बोला, 'बात तो तुम्हारी एकदम सही है। मैं इस बार ध्यान रखूंगा। पिछली बार भी मम्मी ने मुझे इसके लिए चेताया था, लेकिन मैंने उनकी बात नहीं मानी। तुम इस बार पतंग उड़ाने मेरे घर आ जाना। हम मिलकर मस्ती करेंगे।'

'नहीं मैं नहीं आ पाऊंगी। मैं दादी जी के संग, सुबह सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तब छत पर जाकर सूर्य नमस्कार करूंगी। साथ ही सूर्य देव का आभार प्रकट करूंगी कि वह हमें रोशनी और ताप देते हैं, ताकि हम ठिठुरन भरी सर्दी का मुकाबला कर सकें। उसके बाद पापा-मम्मी के साथ जरूरतमंदों को शॉल, टोपी और कंबल बांटने जाऊंगी। पतंग को तो आसमान में उड़ता देखकर आनंद आ जाएगा। पतंग उड़ाना तो मुझे आता भी नहीं।' सिया ने शालीनता से राघव को इंकार किया तो वह कुछ उदास हो गया। उसने सिया से सवाल किया, 'अच्छा तो क्या मैं तुम्हारे साथ चल सकता हूं?'

'हां...हां... क्यों नहीं? तुम सुबह आठ बजे ही नहा कर और तैयार होकर मेरे घर आ जाना। हम पूजा भी साथ करेंगे और फिर दान का सौभाग्य भी साथ प्राप्त करेंगे।' सिया की सहमति में बेहद प्रसन्नता झलक रही थी। राघव ने सिया से विदा लिया। इस बार मकर संक्रांति को नए ढंग से मनाने का उसका उत्साह बहुत अलग था। घर की ओर बढ़ते उसके कदम थिरक से रहे थे। *

## जीके क्विज-87

1. हाल में इसरो के सोलर मिशन ने अंतरिक्ष में किस बिंदु पर सफलतापूर्व स्थापित होकर इतिहास रचा?
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां है?
3. माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दो बार चढ़ने वाली भारतीय महिला कौन हैं?
4. आंवले में प्रचुर मात्रा में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
5. हाल में शेख हसीना किस पड़ोसी देश की पांचवीं बार पीएम बनीं?
6. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ था?
7. किस महापुरुष की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाते हैं?
8. ऑडियोमीटर से क्या मापा जाता है?
9. गिद्धा किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
10. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?



बच्चों, जीके क्विज-87 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-86 का उत्तर:** 1- क्षिप्रा नदी, 2-लता मंगेशकर चौक(अयोध्या), 3-गोवा, 4-अरविंद पनगढ़िया, 5-7 दिसंबर, 6-झारखंड, 7-अरावली पर्वत श्रृंखला, 8-अशोक स्तंभ, 9-आठ राज्यों से, 10-20 ओवर

**जीके क्विज-86 का सही उत्तर देने वाले :** रेहान-भिलाई, शुभम-महासमुंद, लक्ष्मी-बागबाहर, रौनक-जांजगीर, अजय-रायपुर, विकास-भोपाल, सोनम-जगदलपुर, हिमेश-हिसार, अभिषेक-कटनी, प्रीती-दुर्ग, अनाया-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

**पप्पू**-मम्मी, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरे कान में कोई गुनगुना रहा है।
**मम्मी**- ऐसा कब होता है बेटा?
**पप्पू**- जब मैं मच्छर दानी लगाकर बेड के किनारे सोता हूं।

**-सुंदर, रोहतक**

**सोनी**-मोनी, तुम आज पार्क में हैट लगाकर क्यों खेलने आई हो?
**मोनी**-ताकि किसी को पता न चल सके कि मेरे माइंड में क्या चल रहा है।

**-पिंकी, जबलपुर**



गोलू और गप्पा जंगल में घूम रहे थे कि अचानक उनके सामने कोई जंगली जानवर आ गया। गोलू ने उस जानवर की आंख में मिट्टी झोंक दी।
**गोलू**- गप्पा भाग!
**गप्पा**- मैं क्यों भागूं, मिट्टी तो तुमने डाली है।

**-पूजा, रायपुर**

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

गोलू पतंग लूटकर उन्हें छत पर बने स्टोर रूम में रखता था। उसकी छत से लगे घर में रहने वाला अनुज, स्टोर से पतंगें चुरा लेता। गोलू को जब पता चला तो उसे बहुत गुस्सा आया। मकर संक्रांति के दिन उसने अनुज के साथ जो किया, वह बहुत ही अचरज करने वाली बात थी।

# हैप्पी मकर संक्रांति

इन दिनों गोलू स्कूल से आते ही छत पर चला जाता था। सूरज डूबने के बाद ही नीचे आता। गोलू को पतंग उड़ाने से ज्यादा पतंग लूटने का शौक है। उसने छत पर अलग-अलग लंबाई के डंडे रख रखे हैं, जिनका इस्तेमाल करके वह पतंग लूट लेता है। उसे लगता है, जो मजा लूटी हुई पतंग उड़ाने में है, वह खरीदकर उड़ाने में नहीं है। गोलू छत पर ही बने स्टोर रूम में एक के बाद एक पतंगें इकट्ठी करता जा रहा था, लेकिन वह पतंगों की गिनती नहीं करता था।

मकर संक्रांति का त्योहार आ गया था। गोलू बहुत खुश था कि वह अब मजे से पतंग उड़ाएगा। अगले दिन मकर संक्रांति थी। मम्मी हर बार की तरह इस बार भी रात को गाजर का हलवा बना रही थीं। जब गाजर का हलवा तैयार हो गया तो उन्होंने एक बड़ा कटोरा गोलू के हाथों में थमाते हुए कहा, 'बेटा, यह पड़ोस वाली आंटी को दे आओ। आंटी की तबीयत ठीक नहीं है। उनके बेटे को गाजर का हलवा बहुत पसंद है।'

गोलू ने पड़ोस वाले घर में जाकर डोर बेल बजाई, लेकिन कोई गेट खोलने नहीं आया। वह वापस लौटने ही वाला था कि उसने फुसफुसाहट सुनी। यह आवाज आंटी के बेटे अनुज की थी, जो फोन पर किसी से कह रहा था, 'अरे, पतंग की कोई टेंशन नहीं है। हमारे पड़ोस में एक बुद्धू बच्चा रहता है। वह पतंग लूटकर ऊपर वाले स्टोर रूम में रख देता है, स्टोर में ताला भी नहीं लगाता। हमारे घर की छतें जुड़ी हुई हैं। मैं रोज दो-तीन पतंगें चुपके से निकाल कर ले आता हूं। मेरे पास करीब पचीस-तीस पतंगें इकट्ठी हो गई हैं।'

यह सुनकर गोलू को बहुत गुस्सा आया, लेकिन वह चुप रहा। उसने फिर से डोर बेल बजाई तो अनुज की मम्मी ने दरवाजा खोला। गोलू ने बनावटी मुस्कान के साथ हलवा उनके हाथों में थमा दिया और पूछा, 'आपकी तबीयत कैसी है आंटी?' 'तबीयत पहले से बेहतर है बेटा।' आंटी बोलीं। उन्होंने गोलू को दो मिनट रुकने को कहा। गोलू का रुकने का मन तो नहीं था, फिर भी रुक गया। गोलू ने देखा आंटी भीतर गईं और ढेर सारी पतंगों का बंडल हाथ में लेकर आईं। पतंगों का बंडल गोलू को थमाते हुए बोलीं, 'अनुज तुम्हारी छत से रोज पतंगें लेकर आता है। मैं इसे डांटती हूं, लेकिन इस पर कोई असर नहीं होता। सुबह उसे एक भी पतंग नहीं मिलेगी,



ना ही मैं उसे खरीदने दूंगी, तभी उसे एहसास होगा कि चोरी करने का क्या नतीजा होता है?'

गोलू को समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे। वह मुस्कुराते हुए बोला, 'आंटी जी, अनुज मेरे भाई की तरह है। ये पतंगें आप उसे ही उड़ाने दीजिए।'

गोलू की बात सुनकर आंटी ने उसको ढेर सारा आशीर्वाद दिया। गोलू वापस घर लौटते हुए सोच रहा था कि पता नहीं उसने यह सही किया या गलत किया? उसने घर जाकर मम्मी को जब सारी बात मम्मी को बताई तो वह बोलीं, 'बेटा, तुमने बिल्कुल सही किया।'

अब क्योंकि गोलू खुद ही पतंगें अनुज को दे आया था तो उसे इस बात का कोई दुख नहीं था।

गोलू जब सुबह छत पर गया और स्टोर रूम खोला तो उसे पतंगों का एक बंडल अलग ही पड़ा दिखा। वह जैसे ही पीछे मुड़ा तो देखा, छत की दीवार के उस पार अनुज खड़ा मुस्कुरा रहा था, वह बोला, 'भैया, सॉरी...!'

यह सुनकर गोलू मुस्कुरा उठा, बोला, 'कोई बात नहीं, मिलकर पतंग उड़ाते हैं। हैप्पी मकर संक्रांति अनुज।' *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय



## पतंग

छोटे-बड़े सब जन उड़ाते
संक्रांति पर खूब पतंग।
दूर गगन में सैर को जाती
संग हवा के चले पतंग।
अनुशासन का पाठ पढ़ाती
संग डोर के बंधी पतंग।
मोनू टोनू छत पर जाते
लेकर गिड़गिड़ी और पतंग।
जब फंद जाती पैचों में
संघर्ष करती खूब पतंग।
उत्साह भरा शोर हो जाता
जब कट जाती कोई पतंग।
जिसका होता मांझा अच्छा
सदा जीतती वही पतंग।
रंग-बिरंगी रूपों वाली
उड़ती चारों ओर पतंग।
जब कट जाती रुक न पाती
कह जाती अलविदा पतंग।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के दिन मैदान पर पतंग उड़ाते बच्चों से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



**उत्तर:** 1-आसमान में बादल की संख्या में अंतर है। 2-सबसे बाईं तरफ वाले बच्चे की पतंग का रंग अलग है। 3-दूसरी लड़की का हेयर स्टाइल भी अलग दिख रहा है। 4-चित्र में आसमान में पक्षी नहीं दिख रहे हैं। 5-सबसे दाईं तरफ वाली लड़की की ड्रेस पर एक कार्टून का डिजाइन बना है। 6-बच्चे के पैरों के पास पतंग की जगह चरखियां रखी हैं।

## गिनकर बताओ


बच्चों, यहां दिए गए चित्र में बहुत सारी रंग-बिरंगी पतंगें आसमान में उड़ती दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पतंगों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर : 21

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाते हुए एक बच्चे के चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन 6 परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो इस बच्चे के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।




उत्तर : D

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**खरखौदा।** शहर के रोहतक मार्ग बाईपास के पास कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार देने से बाइक सवार घायल हो गया। गांव गोरड निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर खरखौदा से अपने गांव गोरड जा रहा था। जब वे रोहतक मार्ग बाईपास के समीप पहुंचे तो उनकी मोटरसाइकिल को कार ने पीछे से टक्कर मार दी गई।

### गांव सोहटी से चार पशु चोरी, केस दर्ज

**खरखौदा।** सोहटी गांव के एक पशुपालक के चार पशु चोरी हो गए हैं। उमराव ने बताया कि उसके पशु बाड़े में दो भैंस, एक कटिया व एक कटड़ा बंधे हुए थे। रात को वह अपने पशुओं को चारा डालकर घर आकर सो गया । सुबह जब वह अपने पशु बाड़े में गया, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया और पशु बाड़े से चारों पशु गायब थे। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### ऐतिहासिक होगी जींद में पेंशन संकल्प महारैली

**सोनीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित पेंशन संकल्प महारैली जींद 11 फरवरी एतिहासिक होगी। प्रमोद ईष्टकान ने बताया कि इस महारैली में पेंशन विहिन कर्मचारी व अधिकारी अपने परिवार सहित पहुंच रहे हैं। दो लाख कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग कई सालों से लगातार कर रहे हैं।

### सोसायटी कार्यकारिणी सदस्य का निधन

**सोनीपत।** स्थानीय ककरोई रोड़ स्थित दी अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी के पिछली तीन योजनाओं से कार्यकारिणी के सदस्य रहे जोगेन्द्र सिंह भौरिया पिछले कई दिनों बिमार के चल रहे थे। दी अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी के प्रधान सत्यवान भाटिया ने बताया कि जोगेन्द्र सिंह भौरिया सोसायटी के पिछली तीन योजनाओं से व वर्तमान में कार्यकारिणी के ईमानदार व कर्मठ सदस्य थे।

### अमावस्या पर सनपेड़ा गांव में लगाया भंडारा

**गन्नौर।** सनपेड़ा गांव में साल पहली पौष अमावस्या पर भंडारा लगाया गया। भंडारे में सुनील ढाका, सोनू, सागर, मोंटी, महेश जिंदल, सुरेंद्र, लोकेश, कुलदीप, अरविंद ने अपनी सेवाएं दी। भंडारे में गांव के काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महेश जिंदल व सुनील ढाका ने कहा कि गांव में हर साल की पहली अमावस्या पर भंडारा लगाया जाता है।

### कॉलेज में प्रेरणादायक किताबों का मेला लगा

**सोनीपत।** राष्ट्रीय युवा दिवस अर्थात आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस की पूर्व बेला पर छोटू राम आर्य महाविद्यालय के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी घटनाओं का व्याख्यान करने वाली, युवाओं को सद्मार्ग के लिए प्रेरित करने वाली प्रेरणादायक किताबों का मेला अर्थात पुस्तक मेले का आयोजन किया गया।

### विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली की जानकारी दी

**गोहाना।** शहर के दिनबंधु छोटू राम चौक के पास स्थित राजकीय कन्या वमावि में गुरुवार को लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैम्प के चौथे दिन विभिन्न विषयो से संबंधित रिसोर्स पर्सन ने शिरकत की। कैंप में आईसीआईसीआई बैंक की गोहाना शाखा से प्रबंधक अनिल शर्मा और डिप्टी प्रबंधक मनीष गिरधर ने विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली को विस्तृत ढंग से समझाया।

### कृष्ण सरोहा इनसो के जिला अध्यक्ष बने

**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गेनाईजेशन ( इनसो ) ने अपनी कार्यकारिणी में 11 भिन्न भिन्न जिलों के जिला प्रधानों की नियुक्ति घोषित की है जिसमें सोनीपत के राठधाना गांव के कृष्ण सरोहा को इनसो सोनीपत का अध्यक्ष बनाया गया। कृष्ण सरोहा लंबे समय से इनसो से जुड़े हैं। अमित चोपड़ा, नवीन रूखी, अमित मलिक आदि मौजूद रहे।

---

#### बाउंड्री पिल्लर लगवाने के लिए किया यमुना का दौरा

# सीमा चिन्हित के लिए लगाए जाएंगे 347 पिल्लरः एसडीएम

**कुंडली बॉर्डर से टोल टैक्स तक एनएच-44 पर फुटओवर ब्रिज बनवाने के लिए किया स्थानों का चयन**

### रिपोर्ट जल्द उपायुक्त को प्रेषित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों की टीम ने यमुना का दौरा करते उत्तर प्रदेश-हरियाणा के विवाद को दूर करवाने के उद्देश्य से यमुना का दौरा किया। साथ ही उन्होंने एनएच-44 का भी दौरा करते कुंडली बॉर्डर से टोल टैक्स प्लाजा तक फुटओवर ब्रिज निर्माण के लिए स्थानों का चयन भी किया। एसडीएम अमित कुमार ने जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री व एक्सईएन पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के एक्सईएन पंकज गौड़ तथा नायब तहसीलदार अंकित के साथ यमुना नदी के साथ एनएच-44 का दौरा किया। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त सडक सुरक्षा यातायात नियमों को लेकर अति संवेदनशील हैं। रोड सेफ्टी की बैठक में उपायुक्त से मिले निर्देशानुसार आज एनएच-44 पर फुटओवर ब्रिज की आवश्यकता की पड़ताल की गई। इसके लिए कुंडली बॉर्डर से टोल टैक्स प्लाजा तक एनएच-44 का दौरा करते हुए फुटओवर ब्रिज की जरूरतों को तलाशा गया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर छह स्थानों पर फुटओवर ब्रिज की आवश्यकता है। यह रिपोर्ट उपायुक्त को प्रेषित की जाएगी। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने यमुना नदी का दौरा भी किया।



**सोनीपत।** अधिकारियों की टीम यमुना क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए।

#### 1974 में हुआ था दीक्षित अवॉर्ड

एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि 1974 में दीक्षित अवॉर्ड हुआ था, जिसके बाद यमुना की सीमा निर्धारण के लिए यमुना में पिल्लर लगवाने थे। किंतु यह कार्य लंबित रह गया। पिल्लर न लगने के कारण हरियाणा और उत्तरप्रदेश के मध्य कई बार सीमा विवाद उपजने की संभावनाओं को बल मिलता है। इस प्रकार के विवादों पर पूर्ण विराम लगाने के लिए हरियाणा सरकार ने यमुनानगर से पलवल तक यमुना नदी में पिल्लर लगवाने के निर्देश दिए हैं। सर्वे ऑफ इंडिया से सर्वे के आधार पर राजस्व विभाग के निर्देशन में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पिल्लर लगवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सोनीपत जिला की सीमा के अंतर्गत 347 पिल्लर लगवाये जायेंगे। साथ ही 89 सब-रेफ्रेंस पिल्लर और 4 रेफ्रेंस पिल्लर भी लगवायेंगे।

---

# युवा देश की रीढ की हड्डीः पंवार

- विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान पर पहुंचे युवाओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



विधायक सुरेंद्र पंवार युवाओं का निवास स्थान पर पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ की हड्डी होती है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते है। हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान लाने में युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए है। विधायक सुरेंद्र पंवार सेक्टर-15 स्थित अपने निवास स्थान पर पहुंचे युवाओं को संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि इतिहास गवाह है कि आज तक दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हो, उनका मुख्य आधार युवा ही रहे है। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में भी युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश की आजादी में अनेको युवाओं ने अपना योगदान दिया और कई युवाओं ने बलिदान तक दिया। इसलिए युवाओं को अपनी शक्ति से भलिभांति परिचित होना चाहिए। कांग्रेस सुशासन में युवाओं को अनेकों अवसर दिए गए, जिससे युवा पीढ़ी खुश थी, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। ललित पंवार, हेमंत नांदल, प्रतीक, अंश, विनित, जतिन, तुषार, अजय मौजूद रहे।



**खरखौदा।** रक्तदाताओं के साथ आयोजक। *फोटो :हरिभूमि*

### शिविर में 30 ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** जनहित अभियान फाउंडेशन के तत्वावधान में पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्य तिथि पर ब्रह्म शक्ति स्कूल थाना कलां में रक्तदान शिविर लगाया गया। प्रिंसिपल रामबीर सिंह, समाज सेवी संदीप पराशर व रोहित राठौर ने शिविर का उद्घाटन किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर हरियाणवी वेशभूषा में हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, पहलवान हवा सिंह अंतिल,मास्टर जयवीर , धम्मल फौजी,धर्मेंद्र पंच,नवीन खांडा, सुधीर, देवेंद्र हरियाणा पुलिस, सीतल मान,संदीप पहलवान,रामनिवास, नीरज रोहट, देवेंद्र पंच, प्रवीन मास्टर, नीरज ठाकुरजी की रसोई, बिजेंद्र जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड विद्यालय, थाना खुर्द खरखौदा में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालयों में शरदकालीन अवकाश है। इसके बावजूद विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा को महत्व देते हुए विश्व हिंदी दिवस पर निबंध, पत्र लेखन, सुभाषण एवं हिंदी से जुड़ी हुई अन्य जानकारियां श्रव्य एवं श्रव्य-दृश्य माध्यम से हिंदी अध्यापकों के पास भेजी। यह सुनने व देखने के बाद विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया, निदेशक पूजा दहिया, प्रधानाचार्य संजीत नैन ने देशवासियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 2006 से सभी भारतीय इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने लगे हैं। चेयरमैन उत्सव दहिया ने विस्तार में न जाते कहा है कि हिंदी हमारी शान है। हिंदुस्तानियों का मान है। इस भाषा को बचाए रखना हमारा काम है। जय हिंद, जय हिंदी भाषा।

---

# कैंप में पूजा, सिमरन-आनंद और अरमान बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एमपीजे जीएसएसएस शहजादपुर में चल रहे एनएसएस स्वयंसेवकों के कैंप का वीरवार को समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एनएसएस सोनीपत के जिला संयोजक नरेश सरोहा स्वयंसवेकों के बीच पहुंचे। विद्यालय पहुंचने पर विधालय प्राचार्य श्रीनिवास ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया और राष्ट्र निर्माण में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। समाज में फैले कुरीतियों को दूर करना चाहिए। प्रोग्राम अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि इस शिविर में पूजा, सिमरन, आनंद, अरमान को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। सभी स्वयंसेवकों को मेडल देकर सम्मानित किया। विधालय प्राचार्य श्रीनिवास ने स्वयंसवेकों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य रूप से पवन कुमार, जितेंद्र, रामनिवास, एसएमसी प्रधान सोनिया, ग्रामीण रामचंद्र, सतबीर आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्य साथ में अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### दिखाया जाएगा श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**सोनीपत।** शिव सेवा समिति सोनीपत के सौजन्य से अयोध्या से श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। इसको लेकर समिति द्वारा नई अनाज मंडी में व्यवस्था की गई है। ठंड के मौसम में ठंड ना लगे, इसके लिये इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत आयोजन स्थल को सिनेमा हाल की भांति बनाया गया है। जहां सभी रामभक्तों के बैठने के लिए कुर्सी एवं गद्दों की व्यवस्था की गई है। समिति के प्रह्लाद गोयल ने बताया कि 10 फीट उंची व 30 फीट चौड़ी एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। शिव सेवा समिति सोनीपत के सौजन्य से दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के यशस्वी एवं परम रामभक्त प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अयोध्या में नवनिर्मित भव्य एवं अलौकिक श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण को नई अनाजमंडी सोनीपत में 10 फीट उंची और 30 फीट चौड़ी एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या से सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की गई है।

---

# पटवारियों के धरने को भाकपा का समर्थन

- गरीब मजदूर मेहनतकश के हको को मारने वाली प्रदेश सरकार
- सभी अपने हकों के लिए आन्दोलन करने पर आतुर : राजीव वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सोनीपत जिला सचिव राजीव वर्मा व पार्टी कार्यकर्ताओं ने वीरवार को पटवारी व कानूनगो के धरने को समर्थन दिया। इस दौरान राजीव वर्मा ने कहा कि यह सरकार गरीब मजदूर मेंहनतकश के हको को मारने वाली सरकार है।

राजीव वर्मा जी ने कहा कि सरकार ने कभी किसानों को, खिलाड़ियों को, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ड्राइवरों, पटवारियों सभी को त्रस्त कर रखा है। सभी अपने हकों के लिए आन्दोलन करने पर आतुर है। यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है और सब कुछ प्राइवेट हाथो में सौंप रही हैं। इस दौरान राजीव वर्मा के अलावा विशाल चौहान, प्रवीन, अयूब खान, मो वकील, देवेंद्र वर्मा व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



पटवारियों के धरने को समर्थन देने पहुंचें भाकपा के सचिव राजीव वर्मा एवं अन्य।

---




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के साथ फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### जरूरतमंद बच्चों को जर्सी व जूते वितरित किए

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने जरूरतमंद छात्रों को जर्सी व जूते वितरण अभियान के तहत वीरवार को मुरथल अड्डा सोनीपत के गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 26 छात्राओं को जर्सी व 80 छात्राओं को जूते वितरित किए। इस दौरान सभी बच्चों को लड्डू बांटे गए। स्कूल की प्रिंसिपल सुमन शर्मा व इंचार्ज पारूल ने बताया कि इस स्कूल में ज्यादातर जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों को शिक्षा दी जाती है। सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा जिले के सरकारी या इस तरह के स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों की पहचान कर उन्हें जर्सी और जूते दिए जाते हैं। आज इन जर्सियों का सहयोग राजेश जिंदल व विनोद द्वारा दिया गया तथा जूते व मिठाई का सहयोग डॉ. कैलाश तायल द्वारा दिया गया। इस मौके पर संस्था के दीपक सिंगला, दिनेश कुच्छल, अनिपाल लाकड़ा व महेश पोपली तथा स्कूल का स्टॉफ मौजूद रहा।

---

# रेलवे कर्मचारियों की भूख हड़ताल

- पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर पांच दिवसीय हड़ताल के चौथे दिन सोनीपत रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के सदस्य भूख हड़ताल पर बैठे। कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन पर एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर नारे लगाए। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को सभी कर्मचारी एकत्रित होकर दिल्ली होने वाले महा धरने में शामिल होंगे और प्रदर्शन करेंगे।

उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के सोनीपत शाखा सचिव महेंद्र ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर 8 से 12 जनवरी तक भूख हड़ताल की घोषणा की थी। यूनियन के सदस्य रोजाना अलग-अलग स्टेशनों पर भूख हड़ताल पर बैठे और मांगों को लेकर नारेबाजी की। इस कड़ी में चौथे दिन वीरवार को सोनीपत स्टेशन पर कर्मचारियों ने भूख हड़ताल की। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को दिल्ली में महा धरना दिया जाएगा। जिसमें सभी स्टेशनों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जहां आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान उप प्रधान अमरजीत राठी, सुशील माल्हा, मंजीत, सुरेंद्र, संदीप, भरत सिंह राठी, परमजीत मलिक, मोनू, गणेश, महेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** हड़ताल पर बैठे यूनियन के सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

---



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता करते विधायक शमशेर सिंह गोगी। *फोटो :हरिभूमि*

### कुमारी सैलजा की जनसंदेश यात्रा का दिया निमंत्रण

**सोनीपत।** विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा बड़े नेता है वह कुछ भी कह सकते हैं। इसके साथ ही बोले कि बयाह के सारे गीत सच्चे नहीं होते। शमशेर सिंह गोगी वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 17 जनवरी से शुरू हो रही कुमारी शैलजा की जनसंदेश यात्रा का निमंत्रण देने पहुंचें थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारवार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर ईशारों में कटाक्ष करते हुए शमशेर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हाईकमान बनाएगी, किसी के कहने से कोई मुख्यमंत्री नहीं बनेगा। भावना को रोका नहीं जा सकता। इस दौरान शमशेर सिंह गोगी ने प्रदेश सरकार को लेकर कहा कि यह लूट गठबंधन है, दूसरों के कंधों पर मामल ढोया जा रहा है। इस दौरान शमशेर सिंह गोगी ने बताया कि यात्रा 17 जनवरी से हिसार से शुरू होगी, जोकि पहले सप्ताह में ही सोनीपत पहुंचेंगी। यह यात्रा सभी 90 विधानसभाओं में निकाली जाएगी। गोगी ने बताया कि कुमारी शैलजा के नेतृत्व में निकाली जा रही जनसंदेश यात्रा में सभी कांग्रेस नेता शामिल होंगे। आने वाले चुनावों की तैयारियों के तहत ही यह यात्रा निकाली जा रही है।

---

#### इटानगर में नेशनल यूथ वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन

# नेशनल वेट लिफ्टिंग में आदित्य ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नेशनल यूथ वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप इटानगर में आयोजित हुई। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा के आदित्य ने 96 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। आदित्य का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ है,जो कि तमिलनाडू में आयोजित होंगे। प्रताप विद्यालय की छात्रा तमन्ना का चयन भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ियों का विद्यालय प्रांगण में पहुँचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं खेल निदेशक प्रताप स्कूल ओमप्रकाश दहिया, विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, वेट लिफ्टिंग कोच यशबीर व सुमित दहिया ने स्वागत किया। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपनी कठोर मेहनत, कुशल प्रशिक्षण व विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया।



**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते हो प्रताप स्कूल प्रबंधन।

### राइजिंग स्टार ने बीके टाइगर को 33 रनों से हराया

**गन्नौर।** शेखपुरा रोड स्थित युनिक क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार क्रिकेट एकेडमी गन्नौर की टीम ने बीके टाइगर पंजाब की टीम को शिकस्त देकर टूनार्मेंट अपने नाम की। राइजिंग स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 286 रन बनाए। कप्तान कुनाल शर्मा के नाबाद 108 रन बनाए। इसके जवाब में बीके 255 रन ही बना पाई। विजेता टीम के कप्तान कुनाल शर्मा मैन आफ द मैच और विभास यादव को मैन आफ सीरीज चुना गया। टूनार्मेंट में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, लायंस कल्ब के प्रधान विकास भगवती, नरेंद्र पतंजलि, अशोक शर्मा, मदन त्यागी व प्रमोद कुमार ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




---



**खरखौदा।** लाभार्थियों को गैस चूल्हे वितरित करते चेयरमैन सतेंद्र दहिया।

### सरकार की योजनाओं के प्रति किया जागरूक

**खरखौदा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का गुरूवार को खरखौदा तहसील क्षेत्र के गांव रोहणा व खुर्मपुर में पहुंचने पर ब्लॉक समिति चेयरमैन सतेन्द्र दहिया व ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल , राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। चेयरमैन सतेन्द्र दहिया ने कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सरकार ने गरीबों, वंचितों व मजदूरों को विकास की योजनाओं में भागीदार बनाया है। सरकार ने इस दिशा में जनधन बैंक खाता खुलवाने से लेकर आयुष्मान कार्ड, घर-घर में शौचालय निर्माण, हर घर में नल से जल, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान सहित अनेक जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चलाकर प्रत्येक वर्ग के लाभार्थियों को लाभांवित करने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, जिला पार्षद मंजीत, बीडीपीओ दीपिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शिवजीन उर्फ सीटू निवासी प्रभु नगर हाल में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का है। प्रभु नगर निवासी राममेहर ने बताया कि उसका एक मकान बंदेपुर में भी है। उसने मकान को किराए पर दे रखा है। किसी ने मकान से इंवेटर, लाइटें व मकान का अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### गढ़ी सिसाना में महिला ने की आत्महत्या

**खरखौदा।** गढ़ी सिसाना गांव में गुरुवार को एक महिला ने आत्महत्या कर ली। गांव बिचपड़ी के रामपाल का कहना है कि उसकी बेटी को शादी के बाद से ही तंग किया जा रहा था और मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने बुधवार को फोन किया तो ससुराल पक्ष ने उन्हें गढी सिसाना बुलाया था। जहां पर पहुंचने पर उन्हें पता चला कि उसकी बेटी की मौत हो चुकी है। रामपाल की शिकायत पर पुलिस ने फतेह सिंह, सुभाष देवी, सिमरन, दीपक, योगेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में छाए बॉक्सर, जीते पदक

**सोनीपत।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी का आयोजन हुआ जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक सहित कुल 4 पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया। जिसमें 51 किलो भार वर्ग में विशेष दहिया ने व 92 किलों भार वर्ग में नितिन दहिया ने स्वर्ण पदक, 51 किलो भार वर्ग में आशीष दहिया ने रजत व अभिमन्यु ने कांस्य पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में 400 से भी अधिक बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें विशेष व नितिन ने शानदार प्रदर्शन कर सभी मुकाबलों में एक तरफा जीत हासिल की।

## चिराग योजना : 10 फरवरी तक निजी विद्यालयों को देना होगा सीटों का ब्यौरा

# निजी स्कूलों में दाखिला ले सकेंगे चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थी

- मौलिक शिक्षा निदेशालय ने शेड्यूल जारी कर दाखिला प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



मौलिक शिक्षा निदेशालय ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निजी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का मौका दिया है। इसके लिये निदेशालय की ओर से चिराग योजना के तहत शेड्यूल जारी किया है।

शेड्यूल के अनुसार एक माह का समय निजी स्कूलों को सीटों का ब्यौरा देने और अपनी सहमति देने लिये निर्धारित किया गया है। शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी शेड्यूल के अनुसार दाखिला प्रक्रिया शुरू करवाने के निर्देश दिए हैं। योजना के तहत चौथी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी अपने मनपसंद निजी स्कूल में दाखिला लेकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को चिराग योजना के तहत अपनी सहमति विभाग की वेबसाइट पर दर्ज करवानी होगी। इसके लिए स्कूलों को 10 जनवरी से 10 फरवरी तक की समयावधि दी गई है।

निजी स्कूलों को कक्षा अनुसार सीटों का विवरण भी साइट पर दशार्ना होगा। इसके साथ ही निर्धारित सीटों का विवरण 10 मार्च से नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करना होगा। जिससे अभिभावक व बच्चे सीटों का विवरण देख दाखिले के लिए आवेदन कर सकें।

चिराग योजना के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू होगी, जो 31 मार्च तक चलेगी। स्कूल प्रबंधन को प्राप्त आवेदन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। योजना के तहत सरकारी विद्यालयों के पात्र विद्यार्थी भी निजी स्कूलों में स्थानांतरण करवा सकेंगे।जिन विद्यालयों में प्राप्त आवेदन निर्धारित सीटों से अधिक होंगे, वहां दाखिले के लिए ड्रा प्रणाली अपनाई जाएगी। ऐसे स्कूलों में एक से पांच अप्रैल तक ड्रा निकाले जाएंगे। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करना है।

**दाखिलों के आवेदन 15 मार्च से 31 मार्च के बीच**

चिराग योजना के तहत दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है। सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को योजना के तहत पोर्टल पर सीटों की स्थिति स्पष्ट करनी होगी। इसके लिये 10 फरवरी तक का समय दिया गया है। दाखिलों के आवेदन 15 मार्च से 31 मार्च के बीच किए जा सकेंगे।

\- **नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।

**पात्र के लिए ये हैं शर्तें**

- ▶▶ परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये या इससे कम होनी चाहिए।
- ▶▶ गत शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा राजकीय विद्यालयों से उत्तीर्ण की है, वहीं आवेदन कर सकते हैं।
- ▶▶ विद्यार्थी फिलहाल जिस खंड में शिक्षा ग्रहण कर रहा है, उसी खंड के एक से अधिक निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- ▶▶ आवेदन के दौरान विद्यालय को अभिभावक या विद्यार्थी को रसीद देनी होगी।
- ▶▶ विद्यार्थी को सरकारी स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य रहेगा।
- ▶▶ दाखिले के लिए विद्यार्थी का परिवार पहचान-पत्र होना अनिवार्य है।

## वालेंटियर्स को दी सीपीआर विधि की जानकारी



गोहाना। वालेंटियर्स को सीपीआर विधि की जानकारी देते हुए हार्ट विशेषज्ञ डॉ. वरुण गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

- असुंलित खानपान की वजह से बढ़ रही हार्ट अटैक की समस्या : डॉ. वरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बुधवार को जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर के छठे दिन वालेंटियर्स को सीपीआर विधि की जानकारी दी। जानकारी देने के लिए हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. वरुण गुप्ता पहुंचे। उन्होंने कहा कि दिल का दौरा पड़ने पर आपात स्थिति मं सीपीआर विधि से हम मरीज की जान को बचा सकते हैं।

एनएसएस शिविर के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। नेतृत्व विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा का रहा और अध्यक्षता प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन शर्मा ने की।

मुख्य वक्ता हार्ट स्पेशलिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. वरुण गुप्ता ने असंतुलित खानपान, स्मोकिंग और भागदौड़ भरी जिंदगी को हार्ट अटैक का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि हार्ट से जुड़ी बीमारियां अब सिर्फ बुजुर्गों में ही नहीं बल्कि कम उम्र के लोगों और युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। इस अवसर पर एनएसएस की दूसरी यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी चिराग जैन, उप प्राचार्य सूरत शर्मा, सह निर्देशक राजकुमार जांगड़ा, सुशील मलिक, योग गुरु विजय चौहान और डीपीई सोनू मौजूद रहे।

## डाटा मैनेजमेंट बहुत जरूरी : प्रो. सुदेश

- बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा डाटा मैनेजमेंट पर गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अशोक वर्मा ने। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो सुदेश रही।

कुलपति ने कहा कि डाटा मैनेजमेंट बहुत ही आवश्यक है। हमारे लिए यह जानना जरूरी है कि हम डाटा को मैनेज कैसे करें।हम जो कर रहे हैं या जो करना चाहते हैं, उन सब का रिकॉर्ड होना जरूरी है। जब महिला विश्वविद्यालय का नेक मूल्यांकन हुआ, तब दस्तावेज न होने से कुछ कठिनाइयों से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड को एक बेहतर तरीके से रखना आवश्यक है। आज डिजिटल जमाना है। सारा डाटा डिजिटल प्रारूप में होना चाहिए। प्रो. अशोक वर्मा ने कहा कि डाटा मैनेजमेंट अपनी आदत बना लें। एक सकारात्मक सोच के साथ काम करें। इस अवसर पर हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के प्रभारी सुनील कुमार ने भी डाटा मैनेजमेंट और ऑनलाइन प्रोसेसिंग पर अपने विचार साझा किए।

### मारपीट व फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने फायरिंग, मारपीट व छीनाझपटी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कायुम बागपत, यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव जाजल निवासी उमेद सिंह ने गत 19 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह यमुना नदी से लगती जमीन को जोतने के लिए गया था। वह पर गांव निवाड़ा की तरफ से 18-20 आदमी आए। उन्होंने आते ही मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके बाद फायरिंग करना शुरू कर दिया। उसके पास से मोबाइल फोन छीनकर ले गए। वहीं ट्रैक्टर को नुकसान पहुंचाया।

## बीजेपी सरकार में नशा तस्करों का बोलबाला

- आप पार्टी ने पटवारियों व कानूनगो की मांगों का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। पत्रकारवार्ता करते हुए लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम साथ में अन्य।

सोनीपत में नशा तस्करो का बोलबाला है और हरियाणा सरकार की नाक के तले नशा तस्कर नशे का अवैध कारोबार कर रहे है। नशा तस्कर अब शहर के साथ साथ गांव का रुख कर रहे है। युवाओं की नसों में जहर घोला जा रहा है। यह बात आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने हरियाणा हेल्थ एंड ड्रग्स कंट्रोलर के निदेशक द्वारा जिला सोनीपत के अधिकांश क्षेत्र को रेड जोन घोषित करने की अधिसूचना के बाद हरियाणा सरकार और विभाग को घेरते हुए कही। प्रेसवार्ता करने के बाद आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम अपने पार्टी पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओ के साथ जिला सचिवालय के सामने पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के धरने पर उनकी माँगो पर अपना समर्थन देने पहुँचे। देवेन्द्र गौतम ने कहा की पनी जायज मांगो को लेकर भी लोगों को धरना देना पड़ता है। इस दौरान वरिष्ठ नेता नकीन मेहरा, सोनीपत मीडिया प्रभारी अमरदत्त भारद्वाज, वार्ड 1 अध्यक्ष योगेश, ताराचंद, नरेन्द्र, शेर मुहम्मद, सतीश कौशिक आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने किया जनसंवाद



**गोहाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव नूरन खेड़ा तथा रिवाड़ा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सोनीपत भाजपा के नए अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने बतौर मुख्यातिथि किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पिछले करीब साढ़े 9 साल से निरंतर गरीब लोगों के हक के लिए संघर्षरत है। सरकार ने गरीबों के उत्थान के अनेक योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना और मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सहित अन्य योजनाएं गरीब लोगों के लिए वरदान साबित हुई हैं। लोग योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, प्रोपर्टी कार्ड तथा पेंशन पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर भाजपा नेता बिजेन्द्र सिंह, अनूप कुण्डू, चेयरमैन प्रदीप खरब, यात्रा संयोजक सुधीर मलिक, रीना शर्मा, बीडीपीओ डॉ0. परमजीत, एसईपीओ यशपाल धनखड़, विकास कुमार, आशीष भनवाला, सतपाल, संदीप, गसरपंच ऊषा देवी, सरपंच आशीष मलिक आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## दिव्यांगता को अपने ऊपर हावी न होने दें और आगे बढ़ें : धर्मबीर

- डीबीएम स्पेशल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए अतिथि।

गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम स्पेशल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गुरवार को 5 दिवसीय सतत पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता धर्मबीर मलिक, संस्थान के एमडी विकास मलिक और विशिष्ट अतिथि विशाल मलिक रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यशाला का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि धर्मबीर मलिक ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है अपितु यह शारीरिक, मानसिक, संज्ञात्मक या फिर विकासात्मक स्थिति है जो एक जीवन से जुड़ी किसी गतिविधि को केवल एक क्षमता तक प्रभावित कर सकती है। दिव्यांग विद्यार्थी दिव्यांगता को अपने ऊपर हावी न होने दें अपितु हौंसले के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें।

### इन्होंने रखे विचार

एमडी विकास मलिक ने कहा कि देश में बहुत से ऐसे दिव्यांग हैं जिन्होंने शिक्षा, खेल और लेखन कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया है। कार्यशाला में डीबीएम कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य मंगल सेन हुड्डा, डीबीएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पूजा राणा, डीबीएम स्पेशल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर विजय प्रकाश तिवारी और कार्यशाला के प्रभारी सुरेंद्र मलिक ने दिव्यांगता से संबंधित सेवाओं विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

मंच संचालन पाठ्यक्रमू समन्वयक सोनू ने किया। इस अवसर पर विशेष शिक्षिका प्रीति गिल और पूनम भी उपस्थित रहीं।

### अलग-अलग स्थानों से दो-पहिया वाहन चोरी के मामले दर्ज

**सोनीपत।** गांव सलारपुर माजरा निवासी राहुल ने बताया कि वह निजी अस्पताल में बतौर नर्सिंग स्टाफ के तौर पर कार्यरत है। हर रोज की तरह वह अपनी बाइक को गेट नंबर-2 के सामने खड़ी करके डयूटी करने लगा। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं यूपी निवासी नूर मोहम्मद ने बताया कि वह चिनाई का मिस्त्री है। हाल में वह गांव रतनगढ़ में काम करता है। उसके पास गुलजार नाम का व्यक्ति काम करने के लिए आया था। वहीं उसकी बाइक चोरी हो गई। उसे शक है कि उसकी बाइक को गुलजार चोरी करके ले गया है। मामले को लेरक मोहाना थाना पुलिस को शिकायत दी।

जांच अधिकारी दलबीर ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## स्कूल नेशनल गेम्स में गरिमा ने जीता गोल्ड



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य व कोच।

**सोनीपत।** लुधियाना (पंजाब) में 6 जनवरी से 10 जनवरी तक 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 750 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें हरियाणा की ओर से व-17 में गरिमा 44 किलोग्राम में प्रतिभागी रही। पंजाब, दिल्ली, मणीपुर, हिमाचल व अंत में बंगाल के साथ फाइनल मुकाबले में अपना दम खम दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा करके अपने राज्य, जिले, विद्यालय, माता-पिता और अपने कोच का नाम रोशन किया है। जूडो कोच सतपाल गुलिया ने बताया है कि गरिमा इससे पहले भी कई पदक प्राप्त कर चुकी है। जूडो खिलाड़ी ने पदक का श्रेय अपने कोच और माता-पिता को दिया है। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण पदक और फूल माला पहनाकर खिलाड़ी का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने जूडो कोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि सतपाल गुलिया खिलाडियों को अच्छा प्रशिक्षण देते हैं। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में मिठाईयां बांटकर खुशी मनाई गई। अध्यापकों और छात्रों ने विजेता खिलाड़ी को जीत की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नीलम, उपप्राचार्या रेणु श्योराण व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## एनसीआर माइनर में 11वें दिन पुल किनारे अटका मिला शव

# रोहणा से लापता युवक का शव रोहद में मिला

- शव को माइनर से निकालने के बाद खरखौदा पुलिस ले गई साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़/सोनीपत



बहादुरगढ़। शव को निकालने के प्रयास में जुटी गोताखोर टीम।

सोनीपत जिले के गांव रोहणा से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक का शव 11वें दिन करीब 20 किलोमीटर दूर रोहद से बरामद हुआ। शव यहां एनसीआर माइनर में पुल के नीचे अटका हुआ था। कई घंटों की मशक्कत के बाद शव को माइनर से बाहर निकाला जा सका। खरखोदा पुलिस शव को अपने साथ ले गई है।

दरअसल, बुधवार की देर शाम को रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में पुल के नीचे अटके शव पर किसी की नजर गई। यह सूचना पुलिस को दी गई। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण शव पुल के नीचे जाकर फंस गया। इसके बाद वीरवार की सुबह फिर से अभियान शुरू हुआ। बोटिंग टीम को भी बुलाया गया। पानी का स्तर कम करने के लिए सप्लाई भी रुकवाई गई। इस तरह से कई घंटों की मशक्कत के बाद दोपहर को शव माइनर से बाहर निकाला जा सका। मौके पर खरखोदा पुलिस और कुछ लोग आए हुए थे। जिन्होंने कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त कर ली। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय अरुण के रूप में हुई। गांव रोहणा का निवासी था। गत 31 दिसंबर को स्कूटी पर सवार होकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को मामले से अवगत कराया। इस दौरान अरुण की स्कूटी रोहणा से गुजर रही एनसीआर माइनर की पटरी के निकट खड़ी मिली। इसके बाद पुलिस ने माइनर में भी सर्च अभियान चलाया। तब से तलाश जारी थी लेकिन कुछ अता-पता नहीं चल सका। इस तरह से 11वें दिन एक शव रोहद के निकट माइनर में मिला। जिसकी शिनाख्त परिजनों ने अरुण के तौर पर की है। खरखोदा पुलिस शव को अपने साथ ले गई है। युवक की मौत की वजह क्या रही, ये अभी जांच का विषय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### हनुमान मंदिर से दान पात्र, पुजारी का मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में रखे सात दानपात्र, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर ने मंदिर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी चोरी कर ली। चार मरला हनुमान मंदिर निवासी रवि शंकर ने बताया कि वह मंदिर का पुजारी है। रात्रि को करीब 3 बजे मंदिर स्थान के ऊपर सो रहा था कि अचानक आवाज आई। वह बच्चों के साथ उठकर देखा तो एक आदमी छत के ऊपर से भाग रहा था। उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन पकड़ नहीं पाए। मंदिर में नीचे जाकर देखा तो मंदिर का एक गेट खुला हुआ मिला। वहीं सीसीटीवी की डीवीआर भी गायब मिली। अंदर देखा तो मंदिर से सात गुल्लक तोड़कर उसमें से रुपये निकालकर ले गए।